जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें।

Question Booklet Bar Code Serial No.
प्रश्न-पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या

3242475

**2024**

**कोड : DSTF-2-24**

**विषय : सामान्य अध्ययन – II**

**समय : 2 घण्टे** | **पूर्णांक : 200**

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें

अंकों में → 0 6 7 6 5 7 9

शब्दों में: शून्य छः सात छः पाँच सात नौ

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें।

अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।

| अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर | |
|---|---|

आपको अपने सभी उत्तर **केवल उत्तर-पत्रक** पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत **उत्तर-पत्रक अन्तरीक्षक** को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति **(नीली)** अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं। ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक प्रश्न-पुस्तिका के अंदर रखा है।
2. उत्तर-पत्रक पर अभ्यर्थी अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड अंकित करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
3. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं**। प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल-प्वॉइंट पेन से** पूरा काला कर दें।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें।
5. प्रश्न-पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका सह उत्तर-पत्रक के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका सह उत्तर-पत्रक में कोई कमी हो, तो अन्तरीक्षक को वापस कर दूसरी प्रश्न-पुस्तिका सह उत्तर-पत्रक प्राप्त कर लें।
6. इस प्रश्न-पुस्तिका (प्रश्न संख्या 1 – 45 के अतिरिक्त) में सभी प्रश्न अंग्रेज़ी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं। द्विभाषी (हिन्दी/अंग्रेज़ी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा।
7. __ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :__

   **उत्तर-पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें।**

***Note: English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

1. पर्यायवाची की दृष्टि से शुद्ध वर्ग है :
(a) परिधान, उपधान (b) वायस, मयूरव
(c) कुवलय, तामरस (d) दर्प, कन्दर्प

2. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (शब्द) | सूची-II (पर्यायवाची शब्द) |
|---|---|
| A. मधु | 1. अंगना, कान्ता, बासा |
| B. ब्राह्मण | 2. सुवास, सौरभ, सुरभि |
| C. सुगंधि | 3. भूसुर, भूदेव, अग्रजन्मा |
| D. पत्नी | 4. कुसुमाशर, माधव, ऋतुराज |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

3. 'आदमी पानी का बुलबुला है' लोकोक्ति का अर्थ क्या है ?
(a) निर्णय किसके पक्ष में होगा।
(b) मौज मस्ती का जीवन।
(c) विपरीत वस्तुओं का मेल।
(d) मनुष्य जीवन नाशवान है।

4. 'तबेले की बला बंदर के सिर' लोकोक्ति का अर्थ क्या है ?
(a) दोषी व्यक्ति के साथ निर्दोष का मारा जाना
(b) जिधर जाए उधर ही मुसीबत
(c) अपराध करे कोई पकड़ा जाए कोई
(d) परिश्रम किसी का लाभ किसी और का

5. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :
(a) महात्म्य (b) बारात
(c) दुरवस्था (d) वैश्या

6. नीचे दिए गए विलोम शब्दों का एक युग्म ग़लत है, वह है :
(a) ऐहिक – दैविक (b) उत्साहित – निरुत्साह
(c) एकता – अनेकता (d) एश्वर्य – अनैश्वर्य

7. निम्नलिखित में से कौन-सा विलोम युग्म सही है ?
(a) कृतज्ञ – जड़ (b) श्याम – कृष्ण
(c) संकीर्ण – विस्तीर्ण (d) आहार – विहार

*निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 8 से 12 तक के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर ही दीजिए :*

"साहस की जिंदगी सबसे बड़ी ज़िंदगी होती है। ऐसी ज़िंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि यह बिलकुल निडर, बिलकुल बेखौफ़ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना, यह साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न ही अपनी चाल को पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं।"

8. साहसी मनुष्य किस बात की चिंता ***नहीं*** करता है ?
(a) लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं।
(b) लोग कहाँ जा रहे हैं।
(c) लोग क्या कर रहे हैं।
(d) लोग क्या खा-पी रहे हैं।

9. दुनिया की असली ताकत कौन होता है ?
(a) जनमत के साथ चलने वाला आदमी
(b) जनमत से डरने वाला आदमी
(c) जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी
(d) जनमत से अलग रहने वाला आदमी

10. क्रांति करने वाले लोग किसकी तुलना अपने पड़ोसी से **नहीं** करते ?
(a) अपने जीवन की (b) अपने धन की
(c) अपने घर की (d) अपने उद्देश्य की

11. 'साधारण' शब्द का पर्याय है :
(a) पतला (b) सामान्य
(c) हल्का (d) कठिन

12. साहस की ज़िंदगी की सबसे बड़ी पहचान क्या है ?
(a) यह बहुत ही शानदार होती है।
(b) यह डर से पूर्ण होती है।
(c) यह बिलकुल निडर, बिलकुल बेखौफ़ होती है।
(d) यह बिलकुल सामान्य होती है।

13. निम्नलिखित में प्रत्यय है :
(a) प्रतिध्वनि (b) पूजनीय
(c) पराजय (d) प्रचार

14. व्युत्पत्ति की दृष्टि से शब्दों के प्रकार हैं :
(a) विकारी, अविकारी
(b) रूढ़, यौगिक, योगरूढ़
(c) तद्भव, तत्सम, देशज
(d) अभिधा, लक्षणा, व्यंजना

15. निम्नलिखित दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए :
1. संबंध कारक के सभी रूप विशेषण नहीं होते हैं।
2. ''विद्वान का सर्वत्र आदर होता है।''
इनमें विशेषण का प्रयोग संज्ञा के रूप में हुआ है :
(a) 1 ग़लत पर 2 सही है (b) 1 और 2 दोनों ग़लत हैं
(c) 1 सही पर 2 ग़लत है (d) 1 और 2 दोनों सही हैं

16. शुद्ध वर्तनी वाले शब्दों को ध्यान में रखते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए :
1. अष्टावक्र, इकलौता, संहार, मन:कामना
2. मनमोरा, सम्वरण, अहोरात्रि, कृतघ्नी
3. श्वेतांगिनी, सन्यास, श्रीमान, विद्यवान
4. तदुपरांत, निषाद, प्रतिच्छाया, नीरस

कूट :
(a) 2 और 3 सही हैं (b) 1 और 4 सही हैं
(c) 1 और 2 सही हैं (d) 3 और 4 सही हैं

17. निम्नलिखित में से फारसी का शब्द है :
(a) इंच (b) जमाई
(c) वानर (d) आदमी

18. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य *अशुद्ध* है ?
(a) गुलाब की एक माला खरीद लेना।
(b) फूलों की एक सुंदर माला खरीद लेना।
(c) फूलों की एक माला खरीद लेना।
(d) एक गुलाब की माला खरीद लेना।

19. 'ब्रजभाषा' किस अपभ्रंश से विकसित हुई है ?
(a) अर्धमागधी अपभ्रंश से
(b) पैशाची अपभ्रंश से
(c) शौरसेनी अपभ्रंश से
(d) मागधी अपभ्रंश से

20. निम्नलिखित में अन्त:स्थ व्यंजन ***नहीं*** है :
(a) र (b) व
(c) ल (d) प

21. जिस मूल शब्द में विकार होने से 'क्रिया' बनती है, उसे कहते हैं :
(a) विशेषण (b) धातु
(c) सर्वनाम (d) अव्यय

22. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (शब्द) | | सूची-II (अनेकार्थी शब्द) |
|---|---|---|
| A. | अलि | 1. शेषनाग, बचा हुआ |
| B. | आलि | 2. भँवरा, कोयल |
| C. | शिखी | 3. सखी, पंक्ति |
| D. | शेष | 4. मोर, पर्वत |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (शब्द) | | सूची-II (संधि-नाम) |
|---|---|---|
| A. | नदीश्वर | 1. गुण संधि |
| B. | महोत्सव | 2. यण संधि |
| C. | मतैक्य | 3. दीर्घ संधि |
| D. | पित्रादेश | 4. वृद्धि संधि |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

24. 'कुशासन' का संधि-विच्छेद है :
(a) कु + शासन (b) कुश: + आसन
(c) कुशा + सन (d) कुश + आसन

25. निम्नलिखित में से किस वाक्य में सातत्यबोधक क्रिया है ?
(a) लड़के बेहतर खेल खेल रहे हैं।
(b) वह स्कूल के लिए निकल चुका है।
(c) पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है।
(d) मेघा गीत सुनाती है।

26. Select the correct order of mending the puncture in a cycle tube :
1. Wait for material to dry.
2. Remove tyre and tube and dip in water to check.
3. Fix the tyre and tube.
4. Mark the spot and apply puncture mending material.

(a) 1, 3, 2, 4 (b) 4, 3, 2, 1
(c) 2, 4, 1, 3 (d) 2, 3, 1, 4

27. Fill in the blank with the correct option.

We ________ ourselves to the circumstances.

(a) Adept (b) Adopt
(c) Adapt (d) None of the above

*Read the following passage carefully and answer questions number **28** to **32** based on the passage.*

Leadership studies is an emerging discipline, and the concept of leadership will continue to change. Leadership lore is defined as an influence among leaders and followers who want real change and outcomes that reflect their purpose shared by the leaders and their followers. Influence means that the relationship among people is not passive; however, also part of this definition is that influence is multidirectional. It does not use orders or threats to make somebody do something. Leadership is something a leader does to a follower. However, leadership has an effect in both directions. In most organizations, superiors influence subordinates, but subordinates influence superiors as well. The people involved in the relationship want real and important changes — leadership involves creating change, not maintaining what normally happens. In addition, the changes sought are not dictated by leaders, but reflect the purpose that motivates them toward this more preferable outcome. An important aspect of leadership is influencing others to come together around a common vision. Thus, leadership involves the influence of people to bring about change towards a desirable future.

28. What should be the outcome of leadership actions ?

(a) Movement towards the vision of the leader.
(b) Movement and strengthening of the authority of leaders.
(c) Movement towards common vision of the leader and the followers.
(d) Movement towards the vision of the majority.

29. Find the synonym for the word 'traditions' in the above passage.

(a) Organization (b) Relationship
(c) Leadership (d) Lore

30. What is the main theme of this passage ?

(a) Explanation of leadership construct
(b) Politics of a country
(c) Discussion about followers
(d) Future of a country

31. The concept of leadership discussed in this passage is :

(a) Exceptional
(b) Vertical/Top-down
(c) Horizontal
(d) Individualistic

32. "Leadership studies is an emerging discipline" means :

(a) Leadership studies is an established field.
(b) Leadership studies is an evolving domain of scholarship.
(c) Leadership studies is a valid field of research.
(d) Leadership studies is an elaborate field.

33. Find out the synonym for the italicised word given in the following sentence.

He was filled with ***remorse*** for the action.

(a) revulsion (b) despair

(c) repentance (d) regret

34. Which of the following is the correct passive form of the following ?

"Who has cut the tree ?"

(a) By whom has the tree been cut ?

(b) By whom was the tree cut by ?

(c) Who has the tree been cut ?

(d) By whom was the tree cut ?

35. Change into direct form :

I said to him, "How do you know this ?"

(a) I asked him that how he knew that.

(b) I asked him how he knew that.

(c) I asked him how I knew that.

(d) I told him how I knew that.

36. Choose the correct option to find out the meaning of the idiom given below :

'To end in smoke'.

(a) To have no result; to come to nothing

(b) To find out the result in the end

(c) To come to an end

(d) To find out the smoke

7. What is the meaning of the idiom, 'Blow one's own horn' ?

(a) To be the devil's advocate

(b) To announce self defeat

(c) To boast about oneself

(d) To suddenly become very angry

38. Choose the correct antonym of the following word.

**Gloomy**

(a) Cheerful

(b) Boring

(c) Straight

(d) None of the above

39. Select the word which is opposite in meaning of the following :

**Indiscreet**

(a) Honest (b) Stupid

(c) Reliable (d) Prudent

40. The art of beautiful handwriting is known as :

(a) Designing (b) Orthography

(c) Calligraphy (d) Stenography

41. Choose the correct alternative which replaces the given statement/sentence :

"Anything written in a letter after it is signed".

(a) Manuscript (b) Postdiction

(c) Postscript (d) Corrigendum

42. Which among the following is a correctly spelt word ?

(a) Obliterate (b) Obleturate

(c) Obleterate (d) Obliterait

43. Fill in the blanks with the correct options.

"________ he worked, ________ he failed."

(a) Hardly; when

(b) Other; than

(c) No sooner; than

(d) Though; yet

44. Fill in the blank with the correct option.

________ one of the boys was in the playground.

(a) Neither (b) Either

(c) Every (d) All

45. Find the correct sentence.

(a) He is rich enough to starve.

(b) He is too rich and he starve.

(c) He is too rich to starve.

(d) He is too rich not to starve.


46. 13 is related to 2190 in the same way as 14 is related to :

(a) 2737 (b) 2739
(c) 2736 (d) 2738

47. In a circle, if radius is doubled, what happens to the area ?

(a) It triples
(b) It remains the same
(c) It doubles
(d) It quadruples

48. The values of x and y in the following diagram are :




(a) x = 18, y = 7 (b) x = 16, y = 9
(c) x = 7, y = 18 (d) x = 9, y = 16

49. The value of which of the following will not change if a constant number is added to all the scores of a series ?

(a) Median
(b) Standard deviation
(c) Mean
(d) Mode

50. If the side lengths of a square are doubled, then how much area will be increased ?

(a) 3 times (b) 5 times
(c) 2 times (d) 4 times

51. ₹ 196 is distributed in 300 children. If girls gain ₹ 1 and boys 50 paisa, then what is the number of boys ?

(a) 210 (b) 214
(c) 208 (d) 212

52. x – 4 and 2x – 1 are factors of which of the following polynomials ?

(a) $2x^3 - 7x^2 + 5x - 4$
(b) $2x^3 - 7x^2 - 5x + 4$
(c) $2x^3 + 7x^2 + 5x + 4$
(d) $2x^3 + 7x^2 - 5x + 4$

3242475
3242475
3242475


46. जिस प्रकार 13 संबंधित है 2190 से, उसी प्रकार 14 संबंधि
है ________ से।

(a) 2737 (b) 2739
(c) 2736 (d) 2738

47. एक वृत्त में, यदि त्रिज्या दुगुनी कर दी जाए, तो क्षेत्रफल प
क्या प्रभाव पड़ता है ?

(a) यह तीन गुना हो जाता है
(b) यह वैसा ही रहता है
(c) यह दुगुना हो जाता है
(d) यह चार गुना हो जाता है

48. निम्नलिखित आकृति में x और y के मान हैं :




(a) x = 18, y = 7 (b) x = 16, y = 9
(c) x = 7, y = 18 (d) x = 9, y = 16

49. यदि किसी श्रृंखला के सभी अंकों में एक स्थिर संख्या जोड़ द
जाए, तो निम्नलिखित में से किसके मान में परिवर्तन नह
होगा ?

(a) माध्यक (मध्यांक)
(b) मानक विचलन
(c) माध्य (मध्यमान)
(d) बहुलक

50. यदि किसी वर्ग की भुजाएँ दुगुनी कर दी जाएँ, तो क्षेत्रफल
कितना बढ़ जाएगा ?

(a) तीन गुना (b) पाँच गुना
(c) दो गुना (d) चार गुना

51. ₹ 196 को 300 बच्चों में बाँटा गया। यदि लड़कियों को ₹ 1
और लड़कों को 50 पैसे मिले, तो लड़कों की संख्या क्या है ?

(a) 210 (b) 214
(c) 208 (d) 212

52. निम्नलिखित बहुपदों में से किसके गुणनखण्ड x – 4 औ
2x – 1 हैं ?

(a) $2x^3 - 7x^2 + 5x - 4$
(b) $2x^3 - 7x^2 - 5x + 4$
(c) $2x^3 + 7x^2 + 5x + 4$
(d) $2x^3 + 7x^2 - 5x + 4$

53. The factor of expression $(x + y)^3 + (x - y)^3$ is :

(a) $3x(x^2 + 3y^2)$ (b) $2x(x^2 + 3y^2)$

(c) $3x(x^2 - 3y^2)$ (d) $2x(x^2 - 3y^2)$

54. The work capacity of A is three times more than that of B. Both of them together can complete a work in 15 days. In how many days will A alone complete that work ?

(a) 18·75 (b) 20

(c) 18 (d) 21

55. The cost price of 40 oranges is equal to the selling price of 30 oranges. Find the percentage profit.

(a) 25% (b) 22%

(c) 20% (d) 33·33%

56. A man covers half of his journey at a speed of 6 km/hr and the remaining half at a speed of 3 km/hr. His average speed is :

(a) 3 km/hr (b) 9 km/hr

(c) 4·5 km/hr (d) 4 km/hr

57. A number when divided by 53 gives 34 as quotient and 21 as remainder. Then the number is :

(a) 1800 (b) 1924

(c) 1823 (d) 1723

58. The number of subsets of A = {0, 1, 2} will be :

(a) 7 (b) 8

(c) 6 (d) 9

59. If the difference between compound interest and simple interest on a sum of money in 2 years at 10% annual interest rate is ₹ 12, then find the amount.

(a) ₹ 1200 (b) ₹ 2400

(c) ₹ 240 (d) ₹ 1000

60. Surya sells 45 pens and suffers a loss equal to the selling price of five pens. What is his total loss percentage ?

(a) 11·11% (b) 10%

(c) 9% (d) 12·5%

53. व्यंजक $(x + y)^3 + (x - y)^3$ का गुणनखण्ड है :

(a) $3x(x^2 + 3y^2)$ (b) $2x(x^2 + 3y^2)$

(c) $3x(x^2 - 3y^2)$ (d) $2x(x^2 - 3y^2)$

54. A में कार्य करने की क्षमता B से तीन गुना अधिक है। ये दोनों मिलकर एक कार्य को 15 दिन में पूरा कर सकते हैं। A अकेले उस कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा ?

(a) 18·75 (b) 20

(c) 18 (d) 21

55. 40 संतरों का क्रय मूल्य (CP) 30 संतरों के विक्रय मूल्य (SP) के बराबर है। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(a) 25% (b) 22%

(c) 20% (d) 33·33%

56. एक आदमी अपनी आधी यात्रा 6 किमी/घंटा की चाल से और शेष आधी यात्रा 3 किमी/घंटा की चाल से तय करता है। उसकी औसत गति है :

(a) 3 किमी/घंटा (b) 9 किमी/घंटा

(c) 4·5 किमी/घंटा (d) 4 किमी/घंटा

57. एक संख्या को 53 से विभाजित करने पर भागफल 34 तथा शेषफल 21 प्राप्त होता है, तो वह संख्या है :

(a) 1800 (b) 1924

(c) 1823 (d) 1723

58. A = {0, 1, 2} के उपसमुच्चयों की संख्या होगी :

(a) 7 (b) 8

(c) 6 (d) 9

59. यदि 10% वार्षिक ब्याज की दर से 2 वर्ष में किसी धनराशि के चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज में अंतर ₹ 12 है, तो वह धनराशि ज्ञात कीजिए।

(a) ₹ 1200 (b) ₹ 2400

(c) ₹ 240 (d) ₹ 1000

60. सूर्या 45 कलम बेचकर 5 कलमों के विक्रय मूल्य के बराबर हानि उठाता है। उसे कुल कितने प्रतिशत हानि हुई ?

(a) 11·11% (b) 10%

(c) 9% (d) 12·5%

61. The number of integers n satisfying $-n + 2 \geq 0$ and $2n \geq 4$ is :

(a) 1 (b) 4

(c) 0 (d) 2

62. 3-digit largest prime number is :

(a) 998 (b) 996

(c) 999 (d) 997

63. Let A = {a, b, c, e, f, g}, B = {b, c, d, f, g, h} and C = {c, d, e, g, h, i}. The value of ((A – B) – (A – C) – (C – B)) is :

(a) {b} (b) $\phi$

(c) {a} (d) {c}

64. Who first calculated the value of $\pi$ ?

(a) Archimedes

(b) Thales

(c) Pythagoras


(d) Aryabhatta

65. By dividing $x^3 - 6x^2 + 2x - 4$ by $\frac{-3}{2}x + 1$, the remainder is :

(a) $-\frac{136}{27}$ (b) – 136

(c) $\frac{136}{27}$ (d) 136

66. The value of x in the given figure is :




(a) 120° (b) 100°

(c) 130° (d) 110°

67. If the median of the following data is 11, then find the value of K :

3, 21, 10, 7, 6, 9, (K + 6), 15, 20

(a) 7 (b) 5

(c) 4 (d) 6

61. n पूर्णांकों की संख्या जो $-n + 2 \geq 0$ और $2n \geq 4$ को संतुष्ट करती है, है :

(a) 1 (b) 4

(c) 0 (d) 2

62. तीन अंकों की सबसे बड़ी अभाज्य संख्या है :

(a) 998 (b) 996

(c) 999 (d) 997

63. मान लीजिए कि A = {a, b, c, e, f, g}, B = {b, c, d, f, g, h} तथा C = {c, d, e, g, h, i} है, ((A – B) – (A – C) – (C – B)) का मान है :

(a) {b} (b) $\phi$

(c) {a} (d) {c}

64. $\pi$ के मान की गणना सर्वप्रथम किसने की थी ?

(a) आर्किमीडीज

(b) थेल्स

(c) पाइथागोरस


(d) आर्यभट्ट

65. $x^3 - 6x^2 + 2x - 4$ को, $\frac{-3}{2}x + 1$ से भाग देने पर शेषफल है :

(a) $-\frac{136}{27}$ (b) – 136

(c) $\frac{136}{27}$ (d) 136

66. दी गई आकृति में x का मान है :




(a) 120° (b) 100°

(c) 130° (d) 110°

67. यदि निम्नलिखित आँकड़ों का माध्यक 11 है, तो K का मान ज्ञात कीजिए :

3, 21, 10, 7, 6, 9, (K + 6), 15, 20

(a) 7 (b) 5

(c) 4 (d) 6

68. If CONSTABLE is coded as 91, what will be the code number for STABLE ?

(a) 78 (b) 75

(c) 97 (d) 59

68. यदि CONSTABLE को 91 के रूप में कोडित किया जाता है, तो STABLE की कोड संख्या क्या होगी ?

(a) 78 (b) 75

(c) 97 (d) 59

69. If BELONGINGS is coded as TABLESTESF, how will you code LINEN ?

(a) BTAEA (b) TABEA

(c) BTEAE (d) BATEA

69. यदि BELONGINGS को TABLESTESF के रूप में कोडित किया जाता है, तो LINEN का कोड क्या होगा ?

(a) BTAEA (b) TABEA

(c) BTEAE (d) BATEA

70. Which one is different from the other three ?

(a) Table (b) Window

(c) Door (d) Gate

70. निम्नलिखित में से कौन-सा अन्य तीन से भिन्न है ?

(a) मेज़ (b) खिड़की

(c) दरवाज़ा (d) फाटक

71. As 'poster' is related to 'wall', in the same way 'photograph' is related to :

(a) Beauty

(b) Frame

(c) Camera

(d) People

71. जैसे 'पोस्टर' 'दीवार' से संबंधित है, वैसे ही 'फोटोग्राफ', किससे संबंधित है ?

(a) सुन्दरता (Beauty)

(b) फ्रेम (Frame)

(c) कैमरा (Camera)

(d) लोग (People)

72. When two people get together, the one who appears more relaxed in body language ________.

(a) is higher in power hierarchy

(b) is senior in age

(c) belongs to higher socio-economic status

(d) All of the above

72. जब दो व्यक्ति साथ में होते हैं, तब उनमें से जो देह भाषा के संदर्भ में अधिक रिलैक्स व शांत दिखता है ________ का होता है।

(a) अधिकार/सत्ता अनुक्रम में उच्च स्तर

(b) आयु में अधिक

(c) उच्च सामाजिक आर्थिक स्तर

(d) उपर्युक्त सभी

73. ________ is influenced by inter-personal context.

(a) Gesture and posture

(b) Education

(c) Speech style

(d) Problem solving

73. ________ अन्तर्वैयक्तिक संदर्भ द्वारा प्रभावित होता है।

(a) भाव (भंगिमा) और मुद्रा

(b) शिक्षा

(c) भाषा शैली

(d) समस्या समाधान

74. Among 200 persons, 90 people like tea while 108 people like coffee and 46 people like both tea and coffee. How many people like neither tea nor coffee ?

(a) 44 (b) 46

(c) 48 (d) 62

74. 200 व्यक्तियों में, 90 लोग चाय पसन्द करते हैं जबकि 108 लोग कॉफ़ी पसन्द करते हैं और 46 लोग चाय और कॉफ़ी दोनों पसन्द करते हैं। कितने लोग ऐसे हैं जो न तो चाय पसन्द करते हैं और न ही कॉफ़ी पसन्द करते हैं ?

(a) 44 (b) 46

(c) 48 (d) 62

**75.** $0\cdot2\overline{35}$ = ?

(a) $\frac{233}{990}$ (b) $\frac{235}{1000}$

(c) $\frac{235}{990}$ (d) $\frac{237}{990}$

**76.** Ogive curves for 'more than' type and 'less than' type distribution intersect at :

(a) median (b) origin

(c) mean (d) mode

**77.** If the points (1, x), (5, 2) and (9, 5) are collinear, the value of x is :

(a) $-\frac{5}{2}$ (b) 1


(c) $\frac{5}{2}$ (d) – 1

**78.** 2 cubes, each of volume 27 $cm^3$, are joined end to end, then the surface area of the resulting cuboid is :

(a) 81 $cm^2$ (b) 32 $cm^2$

(c) 90 $cm^2$ (d) 54 $cm^2$

**79.** How many triangles are there in the following figure ?



32424475

(a) 10 (b) 11

(c) 8 (d) 12

**80.** The missing number in the series is :

4, 18, 48, ?, 180

(a) 80 (b) 100

(c) 60 (d) 90

**81.** If $x + \frac{1}{x} = 2$, then the value of $\frac{2x^2 + 2}{3x^2 + 4x + 3}$ will be :

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $2\frac{1}{3}$

(c) $\frac{2}{5}$ (d) $\frac{4}{11}$

**82.** Given HCF (306, 657) = 9.
Find the LCM (306, 657).

(a) 21331 (b) 33228

(c) 22338 (d) 22318

**75.** $0\cdot2\overline{35}$ = ?

(a) $\frac{233}{990}$ (b) $\frac{235}{1000}$

(c) $\frac{235}{990}$ (d) $\frac{237}{990}$

**76.** प्रकार 'से कम' और प्रकार 'से अधिक' वितरण के लिए तोरण वक्र एक-दूसरे पर प्रतिच्छेद करते हैं :

(a) माध्यिका पर (b) मूल-बिन्दु पर

(c) औसत (मध्यमान) पर (d) बहुलक पर

**77.** यदि बिन्दु (1, x), (5, 2) और (9, 5) सरेख हैं, तो x का मान है :

(a) $-\frac{5}{2}$ (b) 1


(c) $\frac{5}{2}$ (d) – 1

**78.** 27 सेमी$^3$ आयतन वाले 2 घनों को एक सिरे से दूसरे सिरे तक जोड़ा जाता है, तो परिणामी घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल है :

(a) 81 सेमी$^2$ (b) 32 सेमी$^2$

(c) 90 सेमी$^2$ (d) 54 सेमी$^2$

**79.** निम्नलिखित आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?



(a) 10 (b) 11

(c) 8 (d) 12

**80.** श्रेणी 4, 18, 48, ?, 180 में लुप्त संख्या है :

(a) 80 (b) 100

(c) 60 (d) 90

**81.** यदि $x + \frac{1}{x} = 2$ हो, तो $\frac{2x^2 + 2}{3x^2 + 4x + 3}$ का मान होगा :

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $2\frac{1}{3}$

(c) $\frac{2}{5}$ (d) $\frac{4}{11}$

**82.** HCF (306, 657) = 9 दिया है।
LCM (306, 657) ज्ञात कीजिए।

(a) 21331 (b) 33228

(c) 22338 (d) 22318

83. It is human nature to know why we/others behave in a specific way. The process of explaining our own and others' behaviour is ________.
(a) Prosocial behaviour
(b) Attribution
(c) Altruism
(d) Discrimination

83. हम/दूसरे लोग क्यों एक विशिष्ट तरीके से व्यवहार करते हैं, यह जानना एक मानवीय प्रवृत्ति है । हमारे और दूसरों के व्यवहार के विवरण की प्रक्रिया ________ कहलाती है।
(a) सामाजिक समर्थन व्यवहार
(b) गुणारोपण
(c) परहितवाद
(d) विभेदीकरण

84. Tendency of people to like each other is ________.
(a) Prejudice
(b) Attractiveness
(c) Reciprocity of liking
(d) Discrimination

84. लोगों की एक-दूसरे को पसन्द करने की प्रवृत्ति ________ है।
(a) पूर्वाग्रह
(b) आकर्षकता
(c) पसन्द की पारस्परता
(d) विभेदीकरण

85. Which decision-making bias refers to the tendency to give excessive weight to the first information received ?
(a) Confirmation bias
(b) Hindsight bias
(c) Anchoring bias
(d) Availability heuristic

85. निर्णय लेने में कौन-सा पूर्वाग्रह पहली बार प्राप्त जानकारी को अधिक महत्त्व देने की प्रवृत्ति को संदर्भित करता है ?
(a) पुष्टीकरण पूर्वाग्रह
(b) पश्चदृष्टि पूर्वाग्रह
(c) एंकरिंग पूर्वाग्रह
(d) उपलब्धता अनुमानी

86. What are the four basic communication skills ?

| | |
|---|---|
| 1. Understanding | 2. Listening |
| 3. Informing | 4. Speaking |
| 5. Observing | 6. Reading |
| 7. Influencing | 8. Writing |

Select the correct answer from the codes given below :
(a) 2, 4, 6, 8 (b) 7, 2, 5, 6
(c) 3, 5, 2, 7 (d) 1, 3, 7, 8

86. चार बुनियादी (मूल) संप्रेषण कौशल क्या हैं ?

| | |
|---|---|
| 1. समझ | 2. सुनना |
| 3. सूचित करना | 4. बोलना |
| 5. अवलोकन करना | 6. पढ़ना |
| 7. प्रभावी | 8. लिखना |

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) 2, 4, 6, 8 (b) 7, 2, 5, 6
(c) 3, 5, 2, 7 (d) 1, 3, 7, 8

87. Which of the following type of memory has the shortest duration ?
(a) Immediate memory
(b) Iconic memory
(c) Working memory
(d) Echoic memory

87. निम्नलिखित में से किस प्रकार की स्मृति की अवधि सबसे कम होती है ?
(a) तात्कालिक स्मृति
(b) प्रतिमात्मक स्मृति
(c) कार्यकारी स्मृति
(d) प्रतिध्वनि स्मृति

88. Functional fixedness is a kind of ________.
(a) Confirmation bias
(b) Mental set
(c) Forward working
(d) Creativity bias

88. कार्यात्मक स्थिरता (जड़ता) एक प्रकार की ______ होती है।
(a) पुष्टि पूर्वाग्रह
(b) मानसिक विन्यास
(c) अग्रसारित कार्यात्मकता
(d) सृजनात्मक पूर्वाग्रह

89. ________ is/are used by human beings most of the time to control the behaviour of others as well as of themselves.
(a) Words (b) Punishment
(c) Rewards (d) Postures

89. मनुष्यों के द्वारा अधिकतर समय अपने तथा दूसरों के व्यवहार को नियंत्रित करने के लिए ________ प्रयुक्त होते/होती हैं।
(a) शब्द (b) दण्ड/सज़ा
(c) पुरस्कार (d) मुद्राएँ

**90.** What are the examples of interpersonal communication ?

1. Seminar
2. Journalism
3. Office operation
4. Letter writing
5. Study – Teaching
6. Conversation
7. Interview

Select the correct answer from the codes given below :

(a) 6, 7, 5, 3 (b) 2, 3, 5, 7
(c) 2, 4, 7, 6 (d) 4, 5, 2, 1

**91.** Which of the following is an example of mediated communication ?

(a) A newscaster delivers the weather report on 9 o'clock news
(b) A politician addresses a nominating convention
(c) Two friends gossip with one another
(d) Students work on a class project together

**92.** The role of a leader is defined by the three circles of need :

1. Task
2. Function
3. New ideas
4. Team
5. Process
6. Communication
7. Individual

Select the correct answer from the codes given below :

(a) 2, 4, 1 (b) 3, 1, 6
(c) 7, 5, 3 (d) 1, 4, 7

**93.** If in a non-leap year, it is Tuesday on 28th February, then what day will be on 28th March of that year ?

(a) Monday (b) Tuesday
(c) Sunday (d) None of the above

**90.** अन्तर्वैयक्तिक संचार के उदाहरण कौन-कौन से हैं ?

1. संगोष्ठी
2. पत्रकारिता
3. कार्यालयीय संचालन
4. पत्र लेखन
5. अध्ययन – अध्यापन
6. वार्तालाप
7. साक्षात्कार

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) 6, 7, 5, 3 (b) 2, 3, 5, 7
(c) 2, 4, 7, 6 (d) 4, 5, 2, 1

**91.** निम्नलिखित में से कौन-सा मध्यस्थता संचार का उदाहरण है ?

(a) किसी समाचार प्रस्तुतकर्ता द्वारा 9 बजे की खबरों पर मौसम की रिपोर्ट देना
(b) एक राजनेता का नामांकन सम्मेलन को संबोधित करना
(c) दो मित्रों की आपस में गपशप
(d) छात्रों की किसी कक्षा प्रोजेक्ट पर एक साथ काम करना

**92.** एक नेता की भूमिका आवश्यकता के तीन चक्रों द्वारा परिभाषित की जाती है :

1. कार्य
2. गतिविधि
3. नए विचार
4. समूह
5. प्रक्रिया
6. संप्रेषण
7. व्यक्ति

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) 2, 4, 1 (b) 3, 1, 6
(c) 7, 5, 3 (d) 1, 4, 7

**93.** यदि जो लीप वर्ष नहीं है, उस वर्ष 28 फरवरी को मंगलवार पड़ता है, तो 28 मार्च को उस वर्ष कौन-सा दिन पड़ेगा ?

(a) सोमवार (b) मंगलवार
(c) रविवार (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

94. Another name of interpersonal communication is :
(a) Face-to-face public communication
(b) Virtual reality
(c) Mass communication
(d) Diadic communication

95. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?
(a) Thorndike – Stimulus-response bond theory
(b) Skinner – Operant conditioning theory
(c) Kohler – Insight theory
(d) Pavlov – Gestalt theory

96. Which of the following is a characteristic of a good decision ?
(a) It is based on intuition
(b) It ignores stakeholders' interest
(c) It is feasible and achievable
(d) It is made quickly

97. The process of problem solving where the problem has only one single answer is ______.
(a) Divergent thinking
(b) Trial and error
(c) Insight
(d) Convergent thinking

98. Find the missing number in the following arrangement based on some principle :

| | | |
|---|---|---|
| 10 | 7 | 4 |
| 3 | ? | 9 |
| 15 | 18 | 21 |

Select the correct answer from the code given below :
(a) 5 (b) 8
(c) 4 (d) 6

99. What will be the next item in the series 7, 11, 19, 35, 67 ______ ?
(a) 121 (b) 133
(c) 99 (d) 131

100. ______ allows several people to use software at the same time to create documents, keep track of projects.
(a) Groupware (b) Network
(c) Software (d) E-mail

94. अन्तर्वैयक्तिक संचार का दूसरा नाम है :
(a) आमने-सामने सार्वजनिक संचार
(b) आभासी वास्तविकता
(c) जनसंचार
(d) डायडिक (द्वितीयक) संचार

95. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित *नहीं* है ?
(a) थॉर्नडाइक – उद्दीपक-अनुक्रिया अनुबंधन सिद्धांत
(b) स्किनर – क्रियाप्रसूत अनुबंधन सिद्धांत
(c) कोहलर – अन्तर्दृष्टि (सूझ) का सिद्धांत
(d) पावलव – पूर्णाकारवाद (गेस्टाल्ट सिद्धान्त)

96. निम्नलिखित में से कौन-सी एक अच्छे निर्णय की विशेषता है ?
(a) यह अन्तर्ज्ञान पर आधारित होता है
(b) यह हितधारकों के हितों की अनदेखी (उपेक्षा) करता है
(c) यह व्यवहार्य और प्राप्य है
(d) यह जल्दी ले लिया जाता है

97. समस्या-समाधान की प्रक्रिया जहाँ समस्या का केवल एक ही उत्तर होता है :
(a) अपसारी चिंतन
(b) प्रयास एवं त्रुटि
(c) अन्तर्दृष्टि
(d) अभिसारी चिंतन

98. किसी सिद्धान्त के आधार पर निम्नलिखित क्रम में विलुप्त संख्या को ज्ञात कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| 10 | 7 | 4 |
| 3 | ? | 9 |
| 15 | 18 | 21 |

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) 5 (b) 8
(c) 4 (d) 6

99. 7, 11, 19, 35, 67 ______ की श्रृंखला में अगला पद (संख्या) क्या होगा ?
(a) 121 (b) 133
(c) 99 (d) 131

100. ______ कई लोगों को एक ही समय में सॉफ्टवेयर का उपयोग करने की अनुमति देता है ताकि दस्तावेज़ बनाने के लिए परियोजनाओं का ट्रेक रख सकें।
(a) ग्रुपवेयर (b) नेटवर्क
(c) सॉफ्टवेयर (d) ई-मेल